**खबर संक्षेप**

### स्कूल शिक्षा विभाग ने पुस्तक मेला लगाने जारी किए निर्देश

**मण्डला।** निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ से अभिभावकों को राहत दिलाने जबलपुर में आयोजित किए गए पुस्तक मेला को मिली सफलता को देखते हुए अब राज्य शासन ने प्रदेश भर में इनका आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को पत्र भेजकर नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, यूनिफार्म, कापियां एवं स्टेशनरी आदि सुलभ कराने पुस्तक मेले का आयोजन करने कहा है। पुस्तक मेला के आयोजन के बारे में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों को दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि यदि उनके जिले में निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी हो रही है तो स्थानीय परिस्थितियों का आंकलन कर प्रत्येक जिले में उपयुक्त स्थान का चयन कर यथाशीघ्र इसका आयोजन किया जाए। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया है कि पुस्तक मेला में कॉपी-किताबों के साथ-साथ यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के स्टॉल भी प्रकाशकों एवं विक्रेताओं से लगवाए जाएं। ताकि एक ही स्थान पर सभी सामग्री उचित और न्यूनतम दर पर उपलब्ध हो सके। कलेक्टरों को पुस्तक मेले के आयोजन में चुनावी आदर्श आचार संहिता का विशेष ध्यान रखने कहा गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पत्र में बताया गया है कि पुस्तक मेले के आयोजन कि अनुमति भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कर ली गई है।

**सड़क-बिजली-नाली की नहीं हैं सुविधायें**

# कॉलोनी निर्माण में नियमों की उड़ रही धज्जियाँ

*** आरक्षित प्लाटों की नहीं है जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



नैनपुर की ग्राम पंचायत पिंडरई में सिंचाई विभाग कालोनी के पास स्थित लगभाग 4.30 एकड़ प्लाट में ठेकेदार द्वारा अवेध रूप से शासकीय नियमो की अनदेखी करते हुए कॉलोनी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया गया कि यह भूमि नरेंद्र कुमार जैन के नाम पर रजिस्टर है। जिसमें बिना किसी सरकारी नियमो का पालन किए प्लाटिंग की जा रही है।

जानकारी अनुसार नरेंद्र कुमार जैन की पास किसी प्रकार का कोई टीएनपीसी से नक्शा पास नहीं किया गया रजिस्ट्रेशन उपलब्ध नहीं है नही शासकीय नियमानुशार किसी प्रकार की कोई सीसी रोड निर्माण किया गया है नही बिजली व्यवस्था के लिए कोई ट्रांसफार्मर की व्यवस्था है और नही किसी प्रकार का कोई पेयजल व्यवस्था की गई है बता दे की अपनी मनमानी करता ठेकेदार बा जमीन मालिक बिना किसी पक्की नाली निर्माण के प्लाट की बुकिंग शुरू कर दी गई जानकारी अनुशार प्रस्तावित नकसे मैं कही किसी प्रकार का गार्डन के लिए कोई जगह नही छोड़ी गई है।

### ग्रामपंचायत से नही ली एनओसी

अवैध रूप से निर्माण किए जा रही कॉलोनी में ग्राम पंचायत पिंडरई प्रतिनिधियों ने बताया की कोई एनओसी नही ली गई है और प्लाट की बुकिंग भी शुरू कर दी गई बता दे की बिना किसी सरकारी नियमो जो की गरीबों के लिए आरक्षित प्लाट और नही पत्रकारों के लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी के तहत कोई आरक्षण नही रखा गया और भ्रष्टाचार का नंगा नाच कर कालोनी निर्माण किया जा रहा है लगातार शिकायत के बाद भी जमीन मालिक एवम ठेकेदार बेखौफ नियमो की धज्जियां उड़ कर प्लाट बेचे जा रहे है बता दे की अब तक बिना किसी सरकारी दस्तावेज के 96 प्लाट बुकिंग कर दिए गए है एवम कल से रजिस्ट्री भी प्रारंभ कर दी जावेगी भ्रष्टाचार युक्त कालोनी निर्माण मैं प्रधान चुप्पी साधे बैठा है ग्रामीणों ने बताया की जल्द अवेध कालोनी पर कार्यवाही नही की गई तो जिला कलेक्टर महोदय से एफआईआर करने की मांग की जावेगी।





# धर्म बदलने वालों को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाने की मांग



*** पीएम को पत्र लिखकर आर्टिकल 342 में संशोधन की मांग।**

रिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला में जनजाति सुरक्षा मंच ने सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित की। इस प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व न्यायाधीश और जनजाति सुरक्षा मंच के केंद्रीय टोली सदस्य प्रकाश उइके ने कहा कि जनजातीय समाज से अपनी रीति-रिवाज व परंपराएं छोड़कर धर्मान्तरित हो चुके व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करना है। क्योंकि ये 10 प्रतिशत धर्मान्तरित जनजाति समाज के आरक्षण सहित सरकार द्वारा दी जाने वाली 80 प्रतिशत सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जबकि मूल जनजाति समाज आज भी इन लाभ से वंचित है।

### गांव गांव से पीएम को पत्र लिख रहे ग्रामीण

उन्होंने कहा कि धर्मांतरित हो चुके व्यक्तियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करने के लिए जनजाति सुरक्षा मंच पंचायत से संसद तक संघर्ष करने संकल्पित है। इसके लिए पूर्व से आंदोलन, रैली आदि का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में पोस्ट कार्ड अभियान चल रहा है जिसमें गांव-गांव से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आर्टिकल 342 में संशोधन की मांग की जा रही है। साथ ही आंदोलन की अगली कड़ी में अब देश भर का जनजाति समाज लाखों की संख्या में दिल्ली कूच करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि जनजाति समाज सांसद के सामने डिलिस्टिंग की मांग को रखेगा। इस दौरान जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक नीरज मरकाम, सह संयोजक सोनू मरावी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### इसलिये चल रहा है आंदोलन

डीलिस्टिंग से तात्पर्य यह है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग जिनका धर्म परिवर्तन कतिपय विधर्मी लोग लालच देकर या अन्य प्रलोभन से करते हैं। ऐसे लोग जो अपना धर्म त्याग कर दूसरा धर्म अपना लेते हैं और फिर वे अल्पसंख्यक के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण का दोहरा लाभ लेते हैं। जनजाति सुरक्षा मंच की मांग है कि ऐसे लोगों को डीलिस्टिंग यानी अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर कर दिया जाए तो इससे योग्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को मिलने वाले आरक्षण सहित अन्य संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होगा।

# बम्हनी नगर से गुजर रहे ओवर लोड वाहनों से नहीं मिल रही राहत

*** दुर्घटना का बना रहता है अंदेशा।**

रिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनी



थाना के सामने से गुजरती कन्या शाला स्कूल तक से सड़क मार्ग पर घटना न हो, इस उद्देश्य से स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। लेकिन डंपर हाइवा वाहन से आने से बस स्टैंड व विद्यालय के सामने डोलोमाइट की गिट्टी इस स्पीड ब्रेकर में ओवरलोड के कारण गिर रही है। जिससे आमजनों सहित स्कूल के बच्चे चोटिल हो रहे हैं। मनमाने ढंग से भर के डोलोमाइट के वाहन गिट्टी ला रहे हैं, जिससे इस मार्ग में फिर से दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि आरटीओ विभाग, खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन से जन हित मांग की इस दिशा में ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। नहीं तो कोई घटना के बाद जन आक्रोश भड़केगा ये तय है।

### नगर के पूरी सड़कों पर बिखर रही डोलोमाइट की गिट्टियां

पूरे बम्हनी बंजर नगर में थाना के सामने से गुजरती हुई हवेली हाई स्कूल से लेकर बस स्टैंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कन्याशाला विद्यालय तक सड़क पर डोलोमाइट के ओवरलोड वाहन से गिरने वाली गिट्टी रोड पर नजर आ रही है। दर्जनो डंपर प्रतिदिन क्षमता से छह गुना यानि 8 टन वजन का भार सहने वाली रोड पर 70 से 80 टन का डोलोमाइट से भरे ओवरलोड हाईवा, डंफर जब बम्हनी नगर के थाना के सामने से होते हुए बस स्टैंड से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कन्या शाला स्कूल तक डोलामाइट गिराते हुए निकतले हैं। बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोलोमाईट खदानों से बड़ी मात्रा में खनिज संपदा का दोहन किया जा रहा है। जबकि इसके पहले डोलोमाईट खदानों से नियम विरुद्ध अवैध उत्खनन किया जा रहा था तो संबंधित विभाग में इसकी शिकायत की गई, लेकिन शिकायत पर न तो जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई तय की गई। डोलोमाइंट खदान की संचालक डंफरों में ओवरलोड डोलोमाईट का परिवहन कर रहे हैं। इसके पहले पूर्व में बम्हनी बंजर थाना प्रभारी वर्षा पटेल व परिवहन विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई थी, लेकिन इसके बाद कार्रवाई का सिलसिला थमा तो वहीं स्थिति फिर से निर्मित हो गई है। डोलोमाइट की संचालित खदान ककैया, भाटिया टोला, मुगदरा, भडिय़ा, भंवरताल की खदानों से बड़ी मात्रा में डोलोमाइट निकाला जा रहा है, लेकिन इनके वाहनों की जांच नहीं की जा रही है। डंपर से चिरईडोंगरी तक रेलवे की मालगाड़ी में परिवहन के लिए ले जाया जा रहा है। बम्हनी बंजर नगर में डोलोमाइट के ओवरलोड वाहनो से स्थानीय लोग परेशान है। पूर्व में बम्हनी बंजर नगर के बस स्टैंड में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने डोलोमाइट से भरा ओवरलोड डंपर वाहन से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची थी, वही घटना फिर निर्मित ना हो।

# गंदगी से बदहाल वार्ड, बदबू से परेशान वार्डवासी



**मण्डला।** जिला मुख्यालय में अनेक गली चौराहा है जहां रोजाना गदंगी का आलम दिखाई देता है। फैली गंदगी से आवागमन करने वाले लोगों की मुसीबत का कारण बनता है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के पीछे वरिष्ठ मूल शाला की गलियों में बदहाल गंदगी दिखाई दे रही है। जहां फैली गंदगी से वार्डवासी भी परेशान दिखाई दे रहे बताया जा रहा है कि यहां संचालित दुकानदारों के द्वारा कचड़े को सड़क में फेंका जाता है जिससे यहां दुर्गध की स्थिति भी निर्मित होती है स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारी यहां रोजाना साफ सफाई भी नहीं करते हैं। जिससे गंदगी यहां बढ़ते ही जा रही है। आए दिन यह समस्या लोगों की मुसीबत बनते दिखाई दे रही है।

# मवई विकासखंड में शिक्षा की अलख जगा रहा एक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मण्डला जिला का आदिवासी बाहुल्य विकासखंड मवई के ग्राम अंजनी में जनजाति कार्य विभाग का शासकीय हाई स्कूल अंजनी संचालित है। इस विद्यालय का विगत दो वर्षों से कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शासकीय हाई स्कूल अंजनी में मात्र एक विज्ञान विषय का माध्यमिक शिक्षक एवं एक प्रयोगशाला सहायक पदस्थ है। न तो इस विद्यालय में नियमित प्राचार्य है और न ही शेष पांच विषयों के नियमित शिक्षक। इस विद्यालय में विज्ञान को छोड़कर शेष विषयों का अध्यापन कार्य अतिथि शिक्षकों के माध्यम से कराया जाता है। इसके उपरांत भी लगातार दो वर्षों से शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम यह विद्यालय देते आ रहा है। गौरतलब यह भी है कि इस विद्यालय में अधिकांश विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं तथा कुछ विद्यार्थी अन्य पिछड़ा वर्ग के। इसके बाद भी शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आना काबिले तारीफ है। इस विद्यालय के विज्ञान शिक्षक जो कि प्रभारी प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन भी करते हैं , ने किस कार्य योजना के तहत कार्य किया की नियमित शिक्षकों के अभाव में भी यह विद्यालय शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दे रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर में स्थित एवं नगरी क्षेत्र में संचालित विद्यालय जहां पर की शिक्षकों की भरमार है, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम नहीं दे रहे हैं। जो की चिंता का विषय है। ऐसे विद्यालयों को अंजनी जैसे विद्यालय से सीख लेना चाहिए।शासकीय हाई स्कूल अंजनी के समस्त अतिथि शिक्षक एवं विज्ञान शिक्षक सह प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल की लगन कड़ी मेहनत का ही परिणाम है जिसके कारण ऐसा संभव हुआ। प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल के द्वारा कठिन विषय के पाठ्यक्रम को विषय आधारित टॉपिक पर देशी मॉडल बनाकर कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के समस्त छात्र छात्राओ को समझया गया तथा ई 1 एवम ई 2 ग्रेड प्राप्त पढ़ाई में कमजोर छात्र छात्राओं को विगत तीन वर्षों के अनसोल्वड प्रश्न पत्रों का लगातार अभ्यास करवाया गया। शासकीय हाई स्कूल अंजनी में अवकाश के दिन में स्कूल लगाकर कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिससे हाई स्कूल अंजनी विकासखण्ड मवई कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम लगातार दो वर्षों से 100 प्रतिशत आ रहा है।

प्रभारी प्राचार्य सह विज्ञान शिक्षक गिरजा शंकर सिंह बघेल की और भी विशेषताएं हैं जैसे जब कभी ये जिला शिक्षा कार्यालय मण्डला एवं सहायक आयुक्त कार्य मण्डला में शासकीय कार्य से आते हैं तो अपना समय निकाल कर कभी रानी अवंती बाई विद्यालय, कभी क्रमांक दो विद्यालय मण्डला, तो कभी सेमरखापा अचली एकलव्य हायर सेकेंडरी आवासीय विद्यालय में अपना अमूल्य समय निकाल कर कक्षा 12वीं के विषय रसायन शास्त्र को पढ़ाते हैं। प्रभारी प्राचार्य गिरजा शंकर सिंह बघेल शासकीय हाई स्कूल अंजनी से 75 किलो मीटर दूरी तय कर माह में चार दिन उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में जेईई एवं नीट की निः शुल्क शिक्षा देने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में भी आते हैं। जो कि एक मिशाल है।

**बैठक** | **स्वीकृत आवासों को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहीवार योजना बनाएं-डॉ. सिडाना।**

# जनपद स्तर पर की जाये समीक्षा

*** समय सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत किए गए आवास के कार्यों को अगले एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा करें तथा कार्य को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहीवार योजना बनाएं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग एवं आकिप खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि जिला तथा जनपद स्तर का तकनीकि अमला क्षेत्र का लगातार भ्रमण करें तथा आवास के निर्माण कार्यों के लिए संबंधितों को समुचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करे। न्यायालयीन प्रकरणों पर समय पर जवाब प्रस्तुत करें। उन्होंने हालोन तथा नारायणगंज समूह जल प्रदाय योजना की भी विस्तार से समीक्षा की। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी अधिकारी टीएल प्रकरणों को समय पर गंभीरता के साथ निराकृत करें तथा उनकी समय पर निर्धारित पोर्टल पर समुचित एंट्री सुनिश्चित करें। बैठक में अंतर्विभागीय विषयों पर भी चर्चा की गई।

### पेयजल के संबंध में साप्ताहिक समीक्षा करें एसडीएम

कलेक्टर ने कहा कि पेयजल के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में एसडीएम साप्ताहिक समीक्षा करें तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं। सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें तथा पेयजल के संबंध में यदि कोई समस्या मिलती हैं तो पीएचई विभाग के संज्ञान में लाते हुए तत्काल निराकरण की कार्यवाही कराएं। हेंडपंपों तथा नलजल योजनाओं में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कराएं। उन्होंने पिछले एक सप्ताह में हेंडपंपों तथा नलजल योजनाओं में किए गए सुधार के संबंध में भी जानकारी ली। डॉ. सिडाना ने कहा कि किसी भी ग्राम-टोला में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जल परिवहन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

### खरीदी के साथ परिवहन पर भी फोकस करें


उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खरीदी में मानकों का ध्यान रखें। संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण करें तथा आवश्यकता किसानों से संवाद करें। उपार्जन हेतु शेष बचे किसानों को सूचित करें। खरीदी के साथ परिवहन भी जारी रखें। डॉ. सिडाना ने कहा कि खरीदी के साथ-साथ किसानों के भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही संपादित करें।





## खबर संक्षेप

### संस्कृति की सफलता



**गाडरवारा।** बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में समीपस्थ ग्राम घघरौला कला निवासी पूर्व सरपंच की पुत्री कुमारी संस्कृति कौरव द्वारा गणित विज्ञान में 88.44 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुये प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की गई है। बताया जाता है कि कुमारी संस्कृति को सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त होने पर संस्था परिवार सहित ईष्ट मित्रों ने उज्बल भविष्य की कामना की गई है।

### नॉट फार सेल मार्काधारी सीमेन्ट का विक्रय किसके द्वारा किया जा रहा है

**गाडरवारा।** जिस प्रकार से समीपस्थ चीचली क्षेत्र में स्थापित होने जा रहे एनटीपीसी पावर प्लांट क्षेत्र में आये दिन अनेक प्रकार की अनोखी घटनाएं घटित होने के कारण संपूर्ण क्षेत्र चर्चा में बना हुआ है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बीते हुये वर्षो में इस एनटीपीसी क्षेत्र में लोहे की चोरी सहित अन्य कार्य कलापों के चलते हुई जांच में चौकाने वाली सच्चाई भी उजगार हो चुकी है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इस समय एनटीपीसी स्थापित होने वाली क्षेत्र के अनेक गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में लदकर जा रहे नॉट फार सेल वाले मार्काधारी सीमेन्ट की बिक्री सिर्फ चर्चा का विषय ही नही अनेक संदेहों को जन्म देते हुए जान पड़ रही है? इस प्रकार से क्षेत्र के गांवों में लगातार पहुंच रहे इस प्रकार से नॉट फार सेल मार्काधारी बोरियों वाले सीमेन्ट की सच्चाई को लेकर बताया जाता है कि जब किसी क्षेत्र में किसी शासकीय उद्योग या फिर कोई बड़ा निर्माण होता है तो इस प्रकार की सामग्री सीधे कंपनी के माध्यम से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी को पहुंचाई जाती है और इसके लिए शासन द्वारा सीधे कंपनी से कान्टेक्ट करते हुए माल लिया जाता है, जिसका विक्रय नही होता है? मगर इस समय जिस प्रकार से गांव गांव ट्रेक्टर ट्रालियों में पहुंच रहे इस प्रकार के सीमेन्ट की सच्चाई को देखकर बड़े स्तर पर होने वाली गफलबाजी की ओर संकेत मिलते हुए दिखाई दे रहे है? इस प्रकार से गांवों में पहुंच रहे सीमेन्ट को ट्रेक्टर ट्राली में ले जाने वाले लोगों से चर्चा की गई तो वह इस सीमेन्ट की सच्चाई को उजागर करने में असमर्थ दिखाई दिये।

### महिला डॉक्टर का अभाव नहीं मिल पा रहा शासन की योजनाओं का लाभ

**साईंखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए लोगों का भला करने की सोच रखे हुए है। वही दूसरी ओर महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित करते हुए उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियों से निजात दिलाने के लिए पहल की जा रही है तथा प्रसव से लेकर जननी सुरक्षा के नाम पर भी महिलाओं को सरकार द्वारा लाभ दिया जा रहा है। मगर देखा जा रहा है कि सांईखेड़ा उप स्वास्थ्य केन्द्र में कुशल महिला डाक्टर के आभाव में महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पाने के कारण समस्त आयोजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाता हुआ जान पड़ रहा है? ज्ञात हो कि विकास खंड मुख्यालय का एक मात्र सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र महिला डाक्टर के अभाव में स्वास्थ्य सुविधा से जूझ रहा है। बताया जाता है कि लगभग दस हजार की आवादी बाले इस नगर पंचायत एवं सहित आसपास के लगभग 40-50 ग्रामों के लोगों का स्वास्थ्य से सीधा संबंध रखने बाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये चंद लोग ही पदस्थ है, जिनमें प्रमुख माने जाने वाले रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का आभाव तो बना हुआ है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि पूर्व में इस स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सक के आलवा अन्य तीन डाक्टर पदस्थ थे जिससे स्वास्थ्य सेवायें अनवरत मरीजों को मिलती रहती थी। मगर इस समय इस सांईखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला डाक्टर के न होने से सरकार की जननी सुरक्षा योजना सहित महिलाओं संबंधी अन्य योजनओं का लाभ क्षेत्र की महिलाओं को नही मिल पा रहा है। महिला डाक्टर के अभाव में अधिकांश समय गर्भवती महिलाओं को गाडरवारा या नरसिंहपुर रिफर किया जाता है।

## गाडरवारा शहर के 40158 मतदाताओं में से 25408 ने

# अपने मताधिकार का उपयोग करते हुये 63.27 प्रतिशत का बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।




क्षेत्र के सांसद का चुनाव करने के लिये बीते हुये शुक्रवार को लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। जिसमें सांसद बनने के लिये मैदान में एक दर्जन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला अब ईव्हीएम मशीनों में बंद हो चुका है। वही दूसरी ओर सांसद के लिये संपन्न हुये चुनाव को लेकर हुये मतदान पर गौर किया जावे तो गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 2 लाख 15 हजार 402 मतदाताओं के लिये 228 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये थें। जिसमें से 1 लाख 45 हजार 617 मतदाताओं द्वारा अपने मत का उपयोग किये जाने पर गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र का लोकसभा चुनाव को 67.60 प्रतिशत आकडा रहा है। जबकि नवम्बर माह में हुये विधानसभा चुनाव में 83.30 प्रतिशत का आकड़ा रहा था। इस तरह विधानसभा चुनाव की अपेक्षा लोकसभा चुनाव में 16 प्रतिशत के लगभग कम मतदान हुआ। गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत गाडरवारा पलिका परिषद के आलवा सांईखेड़ा, सालीचौका व चीचली नगर परिषद शामिल रहती है। वही लोकसभा के लिये शहरी क्षेत्र में हुये मतदान पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा नगर पालिका परिषद के कुल 40158 मतदाताओं के लिये स्थापित किये गये 40 मतदान केन्द्रो पर 25408 मतदाताओं द्वारा अपना मतदान किया गया। इस स्थिति में शहर गाडरवारा का कुल मतदान 63.27 प्रतिशत रहा। वही नगर पालिका परिषद गाडरवारा क्षेत्र में स्थापित किये गये मतदान केन्द्रो पर नजर डाली जावे तो मतदान केन्द्र क्रमांक 90 गांधी वार्ड में 956 में से 683, मत.केन्द्र क्र.91 गांधी वार्ड में 506 में से 381, मत.केन्द्र क्र.92 राजेन्द्र बाबू वार्ड में 900 में से 480 मत.केन्द्र क्र.93 राजेन्द्र बाबू वार्ड 1285 में से 724,मत.केन्द्र क्र.94 सुभाष वार्ड 1354 में से 903, मत.केन्द्र क्र.95 जगदीश वार्ड 744 में से 450,मत.केन्द्र क्र.96 जगदीश वार्ड 981 में से 550, मत.केन्द्र क्र.97 जगदीश वार्ड 1502 में से 789, मत.केन्द्र क्र.98 जगदीश वार्ड 1233 में से 795, मत.केन्द्र क्र.99 विवेकानंद वार्ड 1470 में से 931, मत.केन्द्र क्र.100 राजीव वार्ड 674 में से 419, मत.केन्द्र क्र.101 राजीव वार्ड 857 में से 504, मत.केन्द्र क्र.102 जवाह वार्ड 1127 में से 727, मत.केन्द्र क्र.103 विवेकानंद वार्ड 1167 में से 733, मत.केन्द्र क्र.104 विवेकानंद वार्ड 1444 में से 829, मत.केन्द्र क्र.105 निरंजन वार्ड 897 में से 618,मत.केन्द्र क्र.106 निरंजन वार्ड 717 में से 427,मत.केन्द्र क्र.107 शास्त्री वार्ड में 737 में से 513, मत.केन्द्र क्र.108 शास्त्री वार्ड 816 में 557,मत.केन्द्र क्र.109 आजाद वार्ड 943 में से 530, मत.केन्द्र क्र.110 महाराणा प्रताप वार्ड 734 में से 402, मत.केन्द्र क्र. 111 आजाद वार्ड 1475 में से 793, मत.केन्द्र क्र.112 आजाद वार्ड 1160 में से 646, मत.केन्द्र क्र.113 इन्द्रा वार्ड 914 में से 561, मत.केन्द्र क्र. 114 इन्द्रावार्ड 978 में से 564, मत.के.क्र. 115 माता वार्ड 1058 में से 731, मत.केन्द्र क्र.116 नरसिंह वार्ड 1002 में से 746, मत.केन्द्र क्र.117 चावडी वार्ड में 1370 में से 832, मत.केन्द्र क्र.118 शहीद भगत सिंह वार्ड में 910 में से 648, मत.केन्द्र क्र.119 कामर्थ वार्ड में 970 में से 719, मत.केन्द्र क्र.120 राधा बल्लभ वार्ड में 1029 में से 680, मत.केन्द्र क्र.121 बीजासेन वार्ड में 680 में से 479, मत.केन्द्र क्र.122 बीजासेन वार्ड 823 में से 559, मत.केन्द्र क्र.123 भामा वार्ड 1027 में से 635, मत.केन्द्र क्र.124 हनुमान वार्ड 1413 में से 908, मत.केन्द्र क्र.125 हनुमान वार्ड 843 में से 502, मत.केन्द्र क्र.126 पटैल वार्ड 802 में से 545, मत.केन्द्र क्र.126 क पटैल वार्ड में 840+1 में से 599, मत.केन्द्र क्र.127 ग्राम पतलोन जो नगर पालिका परिषद गाडरवारा में शामिल है यहां पर 634 में से 509, मत.केन्द्र क्र.134 ग्राम इमालिया स्टेशन जो गाडरवारा नगर पालिका में शामिल है यहां पर 1249 में से 807 मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग किया गया। इसी प्रकार से नगर परिषद सांईखेड़ा यहां मतदाताओं की कुल संख्या 8820 थी जिसमें 5809 मत का प्रयोग किये जाने पर यहां पर मतदान का प्रतिशत 65.86 रहा। वही मतदाताओं के लिये कुल 9 मतदान केन्द्रो की स्थापना की गई थी जिसमें मत.केन्द्र क्र.15 पर 1146 में से 750, मत.केन्द्र क्र.16 पर 1313 में से 829, मत.केन्द्र क्र.17 पर 1009 में से 627, मत.केन्द्र क्र.18 पर 1121 में से 713, मत.केन्द्र क्र.19 में 1176 में से 839, मत.केन्द्र क्र.20 पर 1007 में से 576, मत.केन्द्र क्र.21 पर 672 में से 432, मत.केन्द्र क्र.22 पर 937 में से 658 तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 23 पर 449 में से 335 मतदाताओं द्वारा अपने मत डाले गये। इसी प्रकार से नगर परिषद चीचली में कुल मतदाताओं की संख्या 9016 थी जहां पर कुल 6422 मतदाताओं द्वारा अपने मत का प्रयोग किये जाने से नगर परिषद चीचली का 71.22 प्रतिशत मतदान रहा। वही यहां के मतदाताओं के लिये 9 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये थें। मत.केन्द्र क्र.152 चीचली में 1103 में से 783, मत.केन्द्र क्र.153 पर 1224 में से 874, मत.केन्द्र क्र.154 पर 1421 में से 877, मत.केन्द्र क्र.155 पर 1147 में से 831, मत.केन्द्र क्र.156 पर 1022 में से 772, मत.केन्द्र क्र.157 पर 698 में से 495, मत.केन्द्र क्र.158 पर 955 में से 704, मत.केन्द्र क्र.159 पर 860 में से 640, मत.केन्द्र क्र. 160 पर 955 में से 710, मत.केन्द्र क्र.162 पर 734 में से 519 मतदाताओं ने अपने वोट डाल गये। इसी प्रकार से नगर परिषद सालीचौका क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 7920 है जिसमें से 5263 ने अपने मत का प्रयोग किये जाने से यहां का मतदान प्रतिशत 66.45 रहा है। वही नगर परिषद सालीचौका में कुल 7 मतदा केन्द्र स्थापित किये गये थें। बनाये गये मतदान केन्द्रो में मत.केन्द्र क्र.169 पर 1049 में से 709,मत.केन्द्र क्र.170 पर 941 में से 633, मत.केन्द्र क्र.171 पर 935 में से 598, मत.केन्द्र क्र.172 पर 1103 में से 744, मत.केन्द्र क्र.173 पर 1050 में से 719, मत.केन्द्र क्र.174 पर 1403 में से 967, मत.केन्द्र क्र.175 पर 1439 में से 893 लोगों ने मतदान किया गया। इस तरह गाडरवारा नगर पालिका क्षेत्र में जहां सबसे अधिक मतदान क्रेन्द्र क्रमांक 91 गांधी वार्ड में 75.30 प्रतिशत हुआ तो सबसे कम मतदान केन्द्र क्रमांक 97 पीजी कालेज में 52.23 प्रतिशत रहा। वही ग्रामीण क्षेत्रों में हुये मतदान की स्थिति का इंतजार...



### नगर में होने वाली श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियाँ बडे जोरों पर, कल निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**गाडरवारा।** वैसे देखा जावे तो नगर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची रहती है। मगर जिस तरह चल रहे वैशाख माह के दौरान नगर में होने जा रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की जो तैयारियाँ चलते हुये देखी जा रही है उसके चलते निश्चित ही नगर के लोगों में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। क्योंकि नगर में पहली बार इतने वाले संत का आना निश्चित तौर से नगर के लिये सौभाग्य बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर में नामदेव परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा व्यास के रूप में श्री श्री 1008 महा मण्डलेश्वर स्वामी इन्द्रदेव सरस्वती महाराज श्रीधाम, वृन्दावन उत्तर प्रदेश पधार रहे है। वही कथा का आयोजन कल 1 मई से 7 मई तक दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक स्वामी द्वारा अपनी दिव्यवाणी से भगवान की कथा सुनाई जावेगी। इसी के चलते कल 1 मई दिन बुधवार को सुबह 9 बजे नगर के नदी मुहल्ला से कलश यात्रा निकाली जावेगी जिसका समापन कथा स्थल शनि मंदिर के पास एनटीपीसी आडिटोरियम के सामने होगा। वही इस कथा का सीधा प्रसारण प्रतिदिन सत्संग चेनल पर चलेगा। इस आयोजन को लेकर नगर में बडे स्तर पर तैयारियाँ चलते हुये देखी जा रही है।

## ऑटो चालकों की मनमानी के चलते लोगों की जिन्दगी को पैदा हो रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।





नगर की बिगड़ी हुई यातायात व्यवास्था के सुधार को लेकर आये दिन होने वाली सरकारी बैठकों में मुद्दा उठने से नही चूकता है और अधिकारियों द्वारा नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था में सुधार का पूरा भरोसा दिलया जाता है। मगर सुधार होते हुये दिखाई कभी नही देखा गया है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि नगर की यातायात व्यवस्था की सच्चााई आज भी जहां की तहां बनी हुई दिखाई दे रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के प्रमुख स्थल स्टेशन के समीप गौर किया जावे तो यहां पर यदि आटों चालकों की मनमानी इस प्रकार से हावी है कि जिसके चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि स्टेशन पहुंचने वाले मार्ग पर आटों चालकों का जिस प्रकार से मुख्य सड़क पर कब्जा रहता है कि आम वाहन चालकों की बात तो दूर पैदल तक लोगों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बताया जाता है कि अनेक आटों चालक स्टेशन से मुख्य नगर की ओर आने वाले मार्ग पर लगी हुई दुकानों के सामने अपने आटों इस प्रकार से काफी समय तक खड़े करे रहते है जिसके चलते संपूर्ण सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है, इस स्थिति में ट्रेन पकड़ने के लिए दो पाहिया वाहनों या फिर पैदल जाने वाले रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है, स्थिति खराब उस समय और अधिक हो जाती है जब किसी ट्रेन के आने या फिर जाने का समय होता है जिसके चलते जब आम यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए किसी महिलाओं व अन्य परिजनों को दो पाहिया या चार पाहिया वाहन से लेकर जा रहे होते है उस समय मुख्य सड़क पर घंटों तक खड़े रहने वाले इन आटों के चलते ट्रेन पकड़ने के लिए जाने वाले आम लोगों के वाहनों का यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। इस प्रकार से आटों चालकों की मनमानी को लेकर न तो पुलिस प्रशासन के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही अन्य अधिकारी जिसके चलते आम लोगों को प्रतिदिन परेशान होते हुए देखा जा रहा है। जबकि गौर करने वाले बात तो यह है कि सुबह व शाम के वक्त बीना ट्रेन से अनेक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को इस मार्ग से निकलना होता है, इसके बाद भी इस प्रकार से आटों चालकों द्वारा की जा रही मनमानी उनके नजर में न आना पुलिस की उदासीन कार्य प्रणाली को उजागर करते हुए दिखाई दे रहा है? कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के भारतीय स्टैट बैक के सामने का देखने मिल रहा है जहां पर मुख्य मार्ग पर ही लोगों द्वारा अपने वाहन खड़े करते हुये बैक के अंदर चले जाते है जिसके कारण यह मार्ग पूर्ण रूप से बंद की स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहा है। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण लग रहा है कि शायद इस इस नगर का भगवान ही मालिक है...?

## बैकों में दलालों को संरक्षण मिलने के कारण किसानों को नहीं मिल पा रहा है शासन की योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है। वही किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में देखा जा रहा है, क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है? क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनों क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है, जिसके चलते अधिकारियों की मिली भगत होने से किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है। वही काम यदि इन दलाल नुमा लोगों के माध्यम से कराया जाता है तो आसानी से हो जाता है? इस स्थिति के चलते इन दलाल नुमा लोगों को बैक अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने से इंकार नही किया जा सकता है? जिसमे देखा जावे तो क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह देने से नही चूकते है? आरोप है कि जब वह उनके पास पहुचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है। इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों के अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनो तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है। इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनबात ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये इन तथा कतिथ दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है? इस प्रकार के दलाल शहरों की बैको से लेकर ग्रामीण बैकों में आसाली से देखने मिल सकते है जो अधिकारियों के बंगलों से लेकर तहसील कार्यालय में मजबूर किसानों को खोजते फिरते है।

## पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी बीते हुये वर्ष जारी किये गये थें। मगर लगता है कि शायद वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों सिर्फ मुनादी तक ही सीमित होकर रहे गये है? यह बात जरूर है कि आदेश के कुछ दिनों तक नपा के अधिकारियों को कभी कभार बाजार में निकलकर कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की औपचारिकता जरूर निभाई गई थी। मगर शासन के इस आदेश को नगर पालिका से लेकर तहसील स्तर पर बैठे अधिकारियों द्वारा जिस तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है उसका परिणाम है कि बाजार में भी पनी की की बाढ़ आते हुये देखी जाने लगी है तो दूसरी ओर शासन के इस आदेश को नजर अंदाज किये जाने के चलते सक्षम अधिकारियों की उदासीन कार्य प्रणाली उजागर होने से भी नही बच पा रही है? शायद इसी का परिणाम है कि शासन का प्रतिबंध आदेश के बाद भी इस समय लगातार हो रहे पॉलिथिन के उपयोग बेअसर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने में सिर्फ सब्जी भांजी ही नही रखी जा रही बल्कि गर्म चाय तक अब पॉलीथिनों में रखते हुये जहां तहां पहुंचाते हुये देखा जाना निश्चित तौर से जिम्मेदार अधिकारियों की गैर जिम्मेदारानी कार्य प्रणाली को उजागर करने से नहीचूक रहा है। क्योकि पॉलिथिन के उपयोग पर शासन द्वारा पर्यावारण की रक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रतिबंध का निर्णय लिया गया था तो दूसरी ओर हर तहसील से लेकर नगर पालिका हो या फिर ग्राम पंचायतों के अधिकारियों को इस र कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये थें मगर शासन का आदेश मात्र चार दिन की चांदनी फिर .....साबित होने से नही चूक पाया है? यदि पॉलीथिन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक बडे चिकित्सों से लेकर वैज्ञानिको द्वारा बाया जाता है कि पॉलीथिन में रखी हुई गर्म वस्तु जहरीली होने से नही बच पाती है और शायद इसी सोच के चलते शासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये कार्यवाही के निर्देश दिये गये थें। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि बाजार में खुलेआम पॉलीथिन का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है।

## अपनी दुर्दशा पा आँसू बहा रहा है सिहोरा रेल्वे

**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** जहाँ एक ओर केन्द्र सरकार द्वारा क्षेत्र में अनेक प्रकार की रेल सेवायें देकर वाह वाही लूटी जा रही है वही दूसरी ओर देखा जाये तो पूर्व की बोहानी विधान सभा जो कि अब तेंदूखेड़ा विधान सभा हो गई है के अंतर्गत आने वाली एक मात्र रेल्वे स्टेशन सिहोरा बोहानी उपेक्षा की शिकार होकर अपनी बदहाली पर आँसू बहा रही है। इस स्टेशन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बोहानी रेल्वे स्टेशन जिस पर पैसेन्जर के अलावा एक्सप्रेस के नाम पर बीना गाड़ी व फास्ट पैसैन्जर मात्र रूकती है, यदि कहीं अन्य गाड़ियों के स्टाप के बारे में नेताओं ने सोचा होता तो शायद क्षेत्र के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि होती, मगर देखा जा रहा है कि बोहानी रेल्वे स्टेशन के लिये किसी भी केन्द्रीय व प्रदेश स्तर के नेता ने आज तक कोई पहल नहीं की है? जिससे क्षेत्र के गरीबों का भला हो सकता, अक्सर देखा जाता है कि नेता लोग जिले में मात्र बड़ी बड़ी गाड़ियाँ शुरू कर के वाहवाही लूटते रहे है, जिससे क्षेत्र की गरीब जनता को कोई फायदा होने वाला नहीं है, जबकि सच्चाई यह है कि सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे के बीच इटारसी की ओर जाने के लिए दोपहर की पेसैन्जर के आलवा दूसरी गाडी एक्सप्रेस गाडी नही है? व दोपहर में 11 बजे पेसैन्जर के बाद जबलपुर की ओर जाने के लिए एक्सप्रेस गाड़ी नही है? ग्रामीणों का कहना है कि बोहानी तेदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में मात्र एक ही रेल्वे स्टेशन है।



## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय अमरपुर में अग्निवीर योजना पर व्याख्यान आयोजित



**अमरपुर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में अग्निपथ, अग्नि वीर सेना भर्ती योजना पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य संदीप सिंह द्वारा किया गया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर देव प्रकाश उईके ने अग्निपथ, अग्नि वीर योजना के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया कि यह योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना हैं जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों में युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ाना हैं। ताकि युवा देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके केंद्र सरकार ने तीनों सैनिक सेवाओं (थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना प्रारंभ की हैं। इस योजना के तहत देश सेवा के लिए अभी प्रेरित युवाओं को 4 वर्ष की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में अपनी सेवा देने का अवसर दिया जाएगा।

### मैया अभियान के तहत कार्यरत सदस्यों के सफल यात्रा का समापन

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में गत 11 दिसंबर 2022 से संचालित मैया अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को नर्मदा के तटों की सफाई की जा रही है। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी आदि सम्मलित होते रहे हैं। मैया अभियान के तहत जुडे हुए नियमित सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से आयोध्या, प्रयागराज, मैहर की यात्रा कराई गई। यात्रा में 24 सदस्य दर्शनों के लिए गए। जिन्होंने नियमित रूप से नर्मदा तटों की सफाई में अपना अहम योगदान दिया है। यात्रा के दौरान ठहरने की व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा कराई गई। यात्रा के समापन पर सभी सदस्यों का स्वागत पुष्पमाला से नर्मदा तट पर किया गया। सभी सदस्यों ने सफल यात्रा के लिए कलेक्टर श्री विकास मिश्रा और जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया।

### पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल मार्को को मिली प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को को लोकसभा क्षेत्र खंडवा, रतलाम, धार में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने इस आशय का पत्र पुष्पराजगढ़ विधायक को भेज कर शीघ्र ही संसदीय क्षेत्र खंडवा, रतलाम, धार में पहुंचकर लोकसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष से सम्पर्क एवं समन्वय करते हुए लोकसभा क्षेत्र खंडवा, रतलाम, धार के अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। अनूपपुर जिले के कांग्रेस जनों ने पुष्पराजगढ़ विधायक एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े फुंदेलाल सिंह मार्को को मिली नई जिम्मेदारी पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं एवं कहा कि उनके नेतृत्व में निश्चित ही कांग्रेस सफलता के पथ पर अग्रसर होगी।

### दो बेटियों को लेकर मायके जाने को निकली महिला हुई लापता

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत ठोढहा गांव में रहने वाली 26 वर्षीय महिला बुधवारिया बाई पनिका 26 वर्ष पति प्रेमलाल अपने ससुराल से दो बेटियों को साथ लेकर मायके जाने के लिए निकली और लापता होने का मामला सामने आया है महिला के पति प्रेमलाल द्वारा ससुराल में जाकर पत्नी बुधवारियां एवं बच्चों के बारे में पता करने पर भी कोई जानकारी नहीं लगी।

---

धर्म परिवर्तन कराने वाले

# 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिवारी का मामला**

**ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

**एसपी वाहनी सिंह के निर्देशन में की गई थी टीम गठित**

डिंडौरी जिले में धर्म परिवर्तन कराने वाले 06 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल यह मामला समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिवारी गांव का है,जहां पर लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था।

हरिभूमि न्यूज समनापुर।



मामले की संज्ञान में आते ही पुलिस द्वारा टीम गठित करते हुये जांच की गई और धर्म परिवर्तन कराने वाले 6 लोंगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

#### ग्रामीणों ने की थी शिकायत

बताया गया कि 27 अप्रैल 2024 को अंगद सिंह पिता आशाराम मरावी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया थाना समनापुर जिला डिण्डौरी (म.प्र.) के द्वारा अपने साथी अंगद बनवासी, दिनेश्वर राजपूत, शिवम पाठक के साथ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया गया था।

#### पुलिस अधीक्षक के निर्देश में गठित की गई थी समिति

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह की निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) वजाग के मार्गदर्शन में निरी. कामेश कुमार धूमकेती थाना प्रभारी समनापुर के नेतृत्व में उपनिरी. पारस यादव, प्रआर० 297 कृष्णपाल सिंह, प्रआर. 171 अमित पाण्डेय, प्रआर. 365 भारतलाल वसन्त, आर0 362 आशीष घरडे, आर. 78 सियाराम मरकाम, आर० 32 अरविन्द मार्को, चालक आर. 382 हेमन्त नखाते के द्वारा सतर्कता एवं तत्परता के साथ थाना में पंजीवध्द अपराध के आरोपी करन सिंह पिता कल्तु सिंह मरावी, संजय मरकाम पिता बलदेव सिंह, संतोष पिता अजीत परस्ते, छोटा सिंह पिता वारेलाल धुर्वे, प्रमोद सिंह पिता प्यारेलाल धुर्वे, अमित पिता प्यारेलाल धुर्वे सभी निवासी ग्राम दिवारी का पता तलाश कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है।

#### धर्म परिवर्तन कराने वालों पर मामला दर्ज

पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रलोभन देकर ईसाई धर्म परिवर्तन कराने पर करन सिंह मरावी एवं उसके साथियों के खिलाफ थाना समनापुर में अपराध क्रमांक 210625024 धारा 153-ए,295-ए,34 ताहि. 3,5 मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 का मामला पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया।

#### आरोपियों के पास से बाइक और मोबाइल जब्त

गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन मोटर सायकल क्रमशः प्रमोद धुर्वे से होण्डा साईन काले ग्रे रंग की मोटर सायकल क्र. एमपी 20 जेड डी 2283, संजय मरकाम से होण्डा साईन काले सिल्वर रंग की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 51 जेड सी 1226 एवं करन सिंह मरावी से एचएफ डीलक्स लाल काले रंग की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 52 एम सी 5492 एवं ईसाई धर्म परिवर्तन कराने संबंधी दस्तावेज पुस्तक, कापी, डायरी तथा आरोपियो के पास से मोवाईल फोन जप्त किया जाकर न्यायालय डिण्डौरी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

---



# खेत में मिली अधेड़ महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

पुलिस चैकी मुख्यालय अमरपुर के अमदरी टोला में रहने वाली अधेड़ महिला की लाश मिलने की जानकारी पुलिस चैकी अमरपुर को मिली चैकी प्रभारी अतुल हरदहा अपने स्टाफ सहित मौके पर पहुंचे जिसकी पहचान गंदिया बाई पति जोहन धुर्वे उम्र 45 वर्ष के रूप में की गई और घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देते हुए पंचनामा तैयार का शव परीक्षण हेतु भेजा गया। शव परीक्षण डॉक्टर मेजर प्रेम कुशराम द्वारा किया गया। तत्पश्चात शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपा गया। सूचना पर डाग स्क्वाट की टीम मौके पर पहुंचा घटना स्थल से डाग सीधे मृतक के घर पहुंचा पुलिस द्वारा मृतक महिला के पति को शक के आधार पर हिरासत में लिया जाकर विवेचना की जा रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पति-पत्नी के बीच हमेशा वाद विवाद होता रहता था। जो घटना रात्रि में हुआ सुबह मृतक का पति अपने लड़के को खेत की तरफ ढूंढते भेजा जहां उस महिला की लाश पड़ी थी। जिसे शंका विश्वास में तब्दील होते दिखाई दे रहा हैं।

#### इनका कहना हैं

मुझे मोबाइल के माध्यम से 2 बजे सूचना मिली थी, मौके पर पहुंच कार्यवाही की जा रही हैं।

**अतुल हरदहा चैकी प्रभारी अमरपुर**

---

# छात्रवृत्ति के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।




कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। उक्त बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संतोष शुक्ला, डीपीसी राघवेन्द्र मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी रति सिंह सेंद्राम सहित अन्य बीआरसी और कॉलेज प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की जिसके अनुसार लगभग सभी कॉलेजों में छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही । कुछ कॉलेजों में छात्रवृत्ति के मामले अधिक है। कलेक्टर ने छात्रवृत्ति के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छात्रों के ई केवाईसी एवं अन्य मुददों को त्वरित निपटान करे। स्कूल और कॉलेज स्तर पर पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने लिए उचित कार्य करें और प्रत्येक तीन दिन में छात्रवृत्ति प्रकरणों के संबंध में जिला प्रशासन को सूचित करें।

कलेक्टर ने निर्देशित किया की विद्यार्थियों के समग्र आईडी बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेजों की पुष्टि करने के बाद मामलों को त्वरित पूरा करें। उन्होंने सीएमएचओ से नर्सिंग कॉलेजों की स्थिति की जानकारी ली और संबंधित मामलों को निपटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने छात्रवृत्ति के मामलों को त्वरित पूरा करने के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किये।

#### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के समस्त स्कूल प्राचार्यों की बैठक संपन्न

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हाल ही में जारी हुए परीक्षा परिणामों और आगामी सत्र की रणनीति के लिए सभी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक का आयोजन किया।

कलेक्टर मिश्रा ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि परिणामों का आत्म मुल्यांकन कर कमियों को दूर करने का प्रयास करें। ऐसे विषय जिनमें सफलतादर कम है उन विषयों को चिन्हित कर विशेष ध्यान दें। विद्यार्थियों की अभिक्षमता के अनुसार कार्ययोजना बनाकर आगामी सत्र के लिए कार्य करें।

कलेक्टर मिश्रा ने परीक्षा परिणामों में निम्न प्रदर्शन करने वाले प्राचार्यों से परिणाम के संबंध में जानकारी ली। जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत से भी कम रहा उन स्कूलों को विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही ऐसे स्कूलों के परीक्षा परिणाम जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है उनसे अच्छे परिणाम के लिए जानकारी ली।

कलेक्टर ने समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया जिससे आगामी सत्र में और अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकें। इस हेतु एक नए सिरे से सशक्त रणनीति बनाना होगा मुख्य विषयों पर विशेष ध्यान देकर कार्य करना होगा। विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण समय पर हां तथा पाठ्यक्रम का समय से पूर्व पूरा कराने का प्रयास किया जाए जिससे विद्यार्थियों को रिवीजन करने में सहायता हो।

कलेक्टर ने शिक्षा पद्धति में सूचना प्रौद्योगिकी, लेखनीय सुधार, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, मूलभूत अधोसंरचना को ठीक करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से बाल सभा का आयोजन किया जाए जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।

---

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजन किया गया। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं के साथ विभागों के न्यायिक मामलों पर चर्चा करते हुए कहा कि कई विभागों में केस लग रहे है। जिसके लिए विभाग उचित जवाब नहीं दे रहे हैं, जिससे प्रशासन का पक्ष कमजोर होता है।

कलेक्टर ने कहा कि शासन के खिलाफ नोटिस मिलने पर सम्बंधित विभाग न्यायिक विभाग से संपर्क कर तकनीकी मुद्दों पर सुधार करवाए। विभाग अधिकारी शासकीय अधिवक्ताओं के साथ सहयोग करें, और सुनवाई को गंभीरता से लें, केस के लिए उचित रूप से तैयारी करें। सभी विभाग और न्यायिक समन्वय स्थापित करें। जिससे न्यायिक मामलों का त्वरित निपटान संभव हो सके।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने बैठक के प्रारम्भ में मैया अभियान के सदस्यों की सफल यात्रा से अवगत कराया, मैय्या अभियान के तहत सदस्यों ने अयोध्या, प्रयागराज और मैहर यात्रा के अपने अनुभव साँझा किए। आज की समय सीमा बैठक में पीएचई विभाग से उत्कृष्ट कार्य करने वाले हैण्डपंप मिस्त्री रणमत सिंह और मोहतरा के सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य श्री महेन्द्र कुमार उरमलिया को उत्कृष्ट परिणामों के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सम्मानित किया।

परीक्षा परिणामों को पर चर्चा करते हुए आगामी सत्र के लिए और बेहतर परिणाम के लिए अपने अपने स्तर पर विद्यार्थियों की मदद करने के लिए सभी । सही तरह से न पढाने वाले शिक्षकों पर कार्यवाहीं करें। स्कूलों में खेल मैदान हो, अतिक्रमण हटाएं।

कलेक्टर मिश्रा ने राजस्व विभाग को वसूली के मामलों पर नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए एवं समस्त विभागों को अपने कार्यालयों की स्थिति का अवलोकन करने के लिए निर्देशित किया। जिनमें कार्यालय की छत, पानी की टंकी, शौचालय आदि व्यवस्थाओं की देखरेख करने को कहा। कलेक्टर ने तहसीलदारों को स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। और स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दों को ठीक करने के लिए आदेशित किया। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित नीट कक्षाओं का अवलोकन करें और विद्यार्थियों का मनोबल बढाएं।

कलेक्टर ने पीएचई विभाग को पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए और आंगनवाडी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देशित किया।

कलेक्टर ने समस्त विभागों में पेंडिग सीएम हेल्पलाईन का अवलोकन कर जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के तहत 100 एवं 50 दिवस से अधिक मामलों प्राथमिकता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। सीएम हेल्पलाइन के मामले राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, महिला बाल विकास, नगर परिषद और अन्य विभागों से संबंधित हैं। जिन विभागों की निराकरण संतुष्टि रिपोर्ट संतोषजनक नहीं हैं उन्हें विशेष निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि नाला सफाई, जर्जर मकानों का अवलोकन, पेयजल संकट, मीट मछली दुकान, खराब सब्जी की बिक्री, गायों को होने वाली फूड प्वाइजिंग पर बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्य करें।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने प्रायवेट स्कूलों द्वारा निर्धारित एक ही दुकान से खरीदी करने की नीति के संबंध में निर्देश जारी करते हुए बुक फेयर आयोजित करने को कहा।

कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति के संबंध में पेयजल परिवहन की स्थिति का अवलोकन किया। पेयजल परिवहन कार्ययोजना बनाकर उचित कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि पेयजल परिवहन की स्थिति में सीईओ जनपद पंचायत, तहसीलदार और पीएचई के साथ अनुमति के बाद ही परिवहन हो पाएगा और बिना एसडीएम आदेश के परिवहन नही होगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने प्रचलित कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

उक्त बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# जिला अधिवक्ता कक्ष में नेशनल लोक अदालत की तैयारी बैठक संपन्न

अनूपपुर।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के निर्देशन पर जिला अधिवक्ता कक्ष में 29.04.2024 को बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह ने अपने विचार रखते हुये कहा कि नेशनल लोक अदालत न्याय क्षेत्र की उपयोगी अवधारणा है, जिसके जरिये अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण पर बार एवं बेंच का जोर होना चाहिए। उन्होने 11 मई की नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हर सम्भव सहयोग करने की अपील अधिवक्ताओं से की। इस दौरान लोक अदालत प्रभारी अधिकारी व प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल ने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी पर्याप्त सहयोग करते हुए लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा कराने में अधिवक्ताओं को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता संतोष सिंह परिहार ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान लोक अदालत के संबंध में आवश्यक सुझाव भी रखे गये। बैठक के दौरान विधि व्यवसाय के 55 वर्ष पूर्ण करने वाले वयोवृद्ध अधिवक्ता प्रेमनारायण शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये आत्मीय शुभकामनांए प्रेषित की गयी। बैठक के अंत में अधिवक्ता संघ के सचिव रामकुमार राठौर ने बैठक में आये सभी न्यायाधीशगण व अधिवक्ताओं के प्रति आभार ज्ञापित किया।

---

# पति पत्नी के बीच हुये विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी

**कृषि विभाग में कार्यरत था मृतक, पुलिस जुटी जांच में**

अनूपपुर।

कोतवाली थाना एवं अनूपपुर के वार्ड नंबर 3 पीएचई ऑफिस के पास एक किराए के मकान में रह रहे कृषि विभाग अनूपपुर के आत्मा परियोजना में कार्यरत संविदा लेखपाल ने फांसी लगा ली। मृतक की पत्नी से एक दिन पूर्व वाद-विवाद के कारण अपने भाई के साथ मायके चली गई थी। सोमवार की सुबह मकान मालिक की सूचना पर हंड्रेड डायल पुलिस के साथ कोतवाली थाना अनूपपूर पुलिस घटना स्तल पर पहुंचकर मृतक के शव का पंचनामा कर जिला चिकित्सालय के ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद शव के अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ की है। घटना की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारी एवं स्टाफ भी घटना स्थल पर पहुंचा था। घटना के संबंध में प्रारंभिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार कृषि विभाग अनूपपुर के आत्मा परियोजना में संविदा लेखापाल के पद पर पदस्थ 36 वर्षीय मुकेश पिता स्व. सतानंद सोंधिया निवासी कोतमा कालरी थाना भालूमाड़ा का स्थाई निवासी है जो अनूपपुर में पदस्थ होने के बाद से विगत तीन-चार वर्षो से अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक 3 पीएचई ऑफिस के पास सुखेंद्र राठौर के मकान में किराए से लेकर ऊपर वाले कमरे में पत्नी एवं परिवार के साथ रहते थ। 28 अप्रैल को संभवतः पति-पत्नी के मध्य वाद-विवाद के कारण पत्नी अपने भाई को बुलाकर अपने मायके बुढार चली गई थी जिसके बाद रात 8 बजे के मध्य तक मुकेश आसपास ही रहा। सोमवार की सुबह मुकेश के न दिखने पर मकान मालिक के परिजनों द्वारा देखा गया तो मुकेश अपने कमरे में सीलिंग फैन से साड़ी से गर्दन में फांसी लगाकर लटका हुआ है।

## खबर संक्षेप

### रेत खदानों के लिए लोक सुनवाई प्रस्तावित

**नरसिंहपुर ।** मेसर्स द एमपी स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को स्वीकृत 10 रेत खदानों के लिए पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई पात्रता अनुसार संदर्भित नोटिफिकेशन के परिपेक्ष्य में कराई जाना प्रस्तावित है। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन के अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहपुर व गाडरवारा की अध्यक्षता एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि की उपस्थिति में यह लोक सुनवाई प्रस्तावित की गई है।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की हुई मौत

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस ट्रेन से गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशनगंज थाना अंतर्गत कृष्णा वार्ड निवासी घनश्याम पिता अन्नी लाल चौधरी उम्र 44 वर्ष अपने किसी काम से करेली गया हुआ था। जब वह करेली से ट्रेन से वापस लौट रहा था उसी समय बारूरेवा नदी के पास ट्रेन से गिर कर घायल हो गया जिसकी सूचना स्थानीय लोगो द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई पुलिस ने घायल को उठाकर जिला लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को परीक्षण हेतु शव गृह मे रखवा दिया । पोस्टमार्टम आज कराया जावेगा ।

### महिला को सर्प ने काटा, उपचार जारी

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत महिला को सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमति मिथला पति रामरतन उम्र 46 वर्ष इमलिया कल्याणपुर थाना करेली को घर के आगन मे काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परजिनों द्वारा निजी वाहन से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है ।

### तालाब में तैरती मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली पुलिस चौकी निवारी अंतर्गत केरपानी के तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला जिसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकलवाया गया । वहीं मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है और पुलिस के द्वारा शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया वही शिनाख्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### युवक ने लगाई फांसीः मौत

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस अधेड़ ने अपने रूम पर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौरव पिता श्यामलाल मेहरा निवासी भोपाल काम करने के लिये नरसिंहपुर आया और काम करता था एवं रहने के लिये उसने सांकल रोड गली नंबर पांच मे किराये से रूम लेकर रहता था । अपने ही रूप पर उसने फांसी लगा ली जिसकी सूचने मिलने पर मौके पर पहुंचकर उसे फांसी से उतारा गया एवं शव के परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार कर शव को शव गृह मे रखवाया गया है । पुलिस फांसी लगाने के कारणों का पता लगाने के प्रयास मे जुटी हुई ।

## भय के कारण गांव से बाहर रहने को मजबूर परिवार

# रंजिश के चलते मारपीट, एसपी से की शिकायत

नरसिंहपुर

सोमवार को पीड़ति परिवारजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई । जिसमे बताया गया कि आरोपियों के भय के कारण परिवार के सभी सदस्य गांव के बाहर रहने के लिये मजबूर है एवं खेती कार्य नही कर पा रहे है । शिकायत मे यह भी उल्लेख किया गया है कि कोतवाली पुलिस द्वारा बताये अनुसार मामला पंजीबद्ध नही किया गया तथा आरोपियों को बचाने का कार्य कोतवाली पुलिस द्वारा किया जा रहा है । अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत देने के बाद कोतवाली पुलिस क्या कार्रवाई करती है ।

### मामला इस प्रकार

थाना कोतवाली नरसिंहपुर निवासी परिवार द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया गया जिसमे बताया गया है कि शिवम लोधी आ. दशरथ लोधी आयु 22 वर्ष, रूपवती लोधी पति दशरथ लोधी आयु 42 वर्ष , बबीता लोधी आ. दशरथ लोधी आयु 16 वर्ष, अनामिका लोधी पति मोहन लोधी आयु 20 वर्ष , मोहन लोधी आ. विष्णु प्रसाद लोधी आयु 27 वर्ष निवासी घाट बम्हौरी द्वारा घर पर आकर बका एवं लाठी से मारपीट की एवं गाली गलौंच की गयी है घटना मे घायल हुये लोगो को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया था एवं घटना की शिकायत पुलिस थाना कोतवाली मे की लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने की नियत से ठोस कार्रवाई नही की गई ।

### घटना के आधार पर नही लिखी रिपोर्ट

शिकायत मे बताया गया है कि कोतवाली पुलिस द्वारा बताई गई घटना के आधार पर मामला पंजीबद्ध नही किया गया पीड़ति परविार ने जब पुलिस वालों से बताये अनुसार घटना लिखने के लिये कहा तो पुलिस वालों ने बोला कि जो हम लिख रहे हैं ऐसी ही लिखी जाती है और अनावेदकगण के विरूद्ध सामान्य मारपीट एवं गाली गलौंच के तहत रिपोर्ट दर्ज की गयी है। जबकि उनके साथ बका एवं लात घूंसों से मारपीट की गयी है जिसमें आवेदकगण को गंभीर चोटें भी आई हुई है । जिसका इलाज शासकीय जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में लगातार चल रहा है। पुलिस थाना कोतवाली नरसिंहपुर में उक्त घटना बताये जाने पर पुलिस थाना कोतवाली नरसिंहपुर के द्वारा यह कहते हुये कि शिकायत जैसी लिखी जाती है वैसी हम लिख रहे हैं, तुम्हे केवल हस्ताक्षर करना है, कहकर साधारण गाली गलौंच एवं लाठी से मारपीट की रिपोर्ट लिखकर मामला पंजीबद्ध किया गया है ।

### अजीवन कारावास है रंजिश का कारण

पीड़ति परजिनों द्वारा शिकायत मे बताया गया है कि उनके घर मे शारीरिक विकलांग एवं नाबालिग है जिसके साथ वर्ष 2022 में आरोपी के पिता शिवराज सिंह लोधी द्वारा दुष्कर्म की घटना की गयी थी, जिसमें आरोपी के पिता को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दंडित किया गया है। उक्त बात को लेकर पीड़ति परिवार के प्रति आरोपी द्वारा रंजिश रखी जाती है । इसलिये आये दिन पीड़ति परविार के साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट की घटनाएं कारित करते हैं एवं आवेदकगण को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।




### गांव से बाहर रहने को है मजबूर

पीड़ति परिवारजनों द्वारा दी गई शिकायत मे बताया गया है कि आरोपियों द्वारा कृषि नहीं करने दी जा रही है तथा आवेदकगण शिवम लोधी एवं मोहन लोधी के खेत में लगे नोजल, मोटर एवं डोरी काटकर अनावेदकगण ले गये हैं तथा आवेदकगण को खेत पर फसल काटने नहीं जाने दिया जा रहा है जिससे आवेदकगण के खेत में खड़ी मूंग की फसल नष्ट हो रही है। अनावेदकगण के भय के कारण आवेदकगण वर्तमान में अपने मामा के यहां ग्राम धमना में निवास कर रहे हैं। आरोपियों द्वारा उक्त प्रकरण में राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं, जिस कारण आवेदकगण व उनके परिजन अत्यंत भयभीत हैं जान का भय निरंतर बना हुआ है।

## रेल्वे ट्रेक पर आत्महत्या करने गई गर्भवती महिला



**नरसिंहपुर ।** घरेलू विवाद की परिणति कभी-कभी घातक हो जाती है, जिसके बाद परिणाम देखकर केवल पछतावा ही हाथ लगता है। लेकिन तब तक सब कुछ बिखर चुका रहता है। घरेलू विवादों के चलते आए दिन आत्महत्या के प्रयास और आत्महत्या की खबरें आती रहती है। ऐसी ही घटना आज फिर नरसिंहपुर जिले में देखी गई, जब पारिवारिक विवाद के चलते महिला इतनी टूट गई, कि उसने आत्महत्या का रास्ता चुना और सीधे रेल्वे ट्रेक पर जा पहुंची, लेकिन इसके पहले की वो अपने मंसूबे में कामयाब हो पाती, आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। मामला नरसिंहपुर थाना अंर्तगत कोतवाली थाना क्षेत्र का है। दरअसल नरसिंहपुर जिले में घरेलू विवाद से त्रस्त दो माह की गर्भवती महिला आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। जानकारी मिलते ही डायल 100 के पायलट और आरक्षक राहुल तिवारी ने तत्परता से ट्रैक पर पहुंचकर महिला को ढूंढा, महिला रेलवे ट्रैक से लगे खेत में बेहोशी की अवस्था में पड़ी थी। दोनों पुलिसकर्मियों ने थाना प्रभारी को सूचना दी और गर्भवती को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। 25 अप्रैल की शाम करीब 7.30 बजे का है। कोतवाली थाने के आरक्षक राहुल तिवारी ने बताया, कि नरसिंहपुर करेली रोड के बीच कठौतिया गांव के पास घरेलू विवाद से त्रस्त दो माह की गर्भवती महिला ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने पहुंची थी। जानकारी मिलने पर डायल 100 के पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे महिला को खोजा। वह रेलवे ट्रैक से लगे एक खेत में बेहोश पड़ी थीए पुलिसकर्मियों ने महिला को उठाकर वाहन में बैठाया और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान जब महिला को होश आया, तो उसने बताया कि उसके पति का किसी बात को लेकर उसके जेठ और ससुर से विवाद हो गया। इसके बाद दोनों ने पति की बुरी तरह पिटाई कर दी। इससे वह मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंची। टीम ने कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे को मामले की सुचना दी। इसके बाद टीआई ने तत्काल महिला के जेठ और ससुर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

## एकल ग्रामोत्थान का जोनल बैठक संपन्न

**नरसिंहपुर ।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन ऑफ इंडिया मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के वनांचल क्षेत्रों में कंप्यूटर एवं सिलाई केंद्र तथा कंप्यूटर वैन जिसमे 20 कंप्यूटर सेट लगे है जो वनांचल के बच्चे, युवा- युवतियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देते है तथा आत्मनिर्भर बनाते है ठीक इसी तरह का एक प्रकल्प जो कि ग्राम मिढ़ली, बरमान जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में संचालित है उसमे आज एकल ग्रामोत्थान की जोनल बैठक संपन्न हुई उक्त बैठक लेने के लिए जोनल हेड सुनील अग्रवाल भोपाल व केंद्रीय सह योजना प्रमुख एकल ग्रामोत्थान दिलीप वाडिवा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मध्य प्रदेश में ऐसे 14 प्रकल्प संचालित है जिनके विभिन्न दायित्ववान कार्यकर्ता और प्रशिक्षक उपस्थित हुए जिन्हे श्री अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस बैठक में मध्य प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर रघुनंदन गौतम कुलदीप सिंह सलूजा अंचल समिति अध्यक्ष, श्रीमती सरोज साहू,ऑफिस इंचार्ज किशन मेघवाल , कंप्यूटर सेंटर अध्यक्ष हेमेंद्र शुक्ला ,सिलाई सेंटर अध्यक्ष श्रीमती रानू गोयल ,मिढ़ली केंद्र के केंद्र समन्वयक रितिक परिहार,कंप्यूटर प्रशिक्षिका कुमारी अंकिता कुर्मी,सिलाई प्रशिक्षिका श्रीमती रोशनी अवस्थी आदि उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में मिढ़ली केंद्र के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने भी उपस्थित सदस्यों से संवाद किया एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया ।

## इंदौर शहर में चमके शहर की नन्हें गणितज्ञ

**नरसिंहपुर ।** जिले के दो नन्हे गणितज्ञयों ने अपना परचम पूरे प्रदेश मे फहराते हुये अपनी जगह सुनिश्ख्ति की । समूचे विश्व सहित भारत में अबेकस शिक्षा की अग्रणी संस्था यूसीमास अबेकस की 19 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 अप्रैल को इंदौर में आयोजित हुई जिसमें 5वें ग्रुप की ए 1 श्रेणी में अमय महाजन पिता आलोक महाजन ने प्रथम रनर अप का खिताब हासिल किया एवं आरव नेमा पिता नीरज नेमा (दवा व्यवसायी) ने तृतीय रन अप का खिताब अपने नाम किया। इस स्पर्धा में बच्चों ने 8 मिनट में 200 प्रश्नों को हल करने का जटिल लक्ष्य हासिल किया। 28 अप्रैल को एक भव्य समारोह में विशिष्ट अतिथियों के द्वारा इन नन्हें गणितज्ञों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वहीं 1 श्रेणी में दिव्यांशी मित्तल, 2 श्रेणी में नमन चौरसिया एवं 3 श्रेणी में ओम मरकाम ने मेरिट स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर उत्साहित अभिभावकों ने पैराडाइज अबेकस नरसिंहपुर की संस्था प्रमुख श्रीमती स्मिता महाजन के प्रति आभार व्यक्त किया।



## हत्या के प्रयास में आरोपियों को सजा

**नरसिंहपुर ।** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमति रश्मिना चतुवेर्दी के न्यायालय द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 32/23 के अभियुक्त संदीप उर्फ़ मुल्लू आत्मज प्रीतम रजक , माखन आत्मज लच्छी रजक , दीपक आत्मज मोहन रजक , कल्लू उर्फ़ यशवंत आत्मज माखन रजक सभी निवासी डोंगरगाँव, थाना स्टेशनगंज, जिला नरसिंहपुर को धारा 307 भादस में 7-7 बर्ष सश्रम कारावास, धारा 452 भादस में 2-2 बर्ष सश्रम कारावास तथा एक एक हजार के अर्थदण्ड तथा अभियुक्त दीपक एवं कल्लू को धारा 25 आयुध अधिनियम में 2 -2बर्ष, 27 आयुध अधिनियम में 3 -3 बर्ष सश्रम कारावास और एक एक हजार रुपए से दण्डित करने का निर्णय पारित किया। इस मामले में दिनाँक 5-11-22 को सभी आरोपिगण ने तलवार, बका, डंडा एवं राड से लैस होकर ग्राम डोंगरगाँव में आकाश पटेल की दुकान के सामने प्रार्थी राहुल रजक के साथ गाली गलौज की तब प्रार्थी जान बचाकर भगवत रजक के घर में घुस गया। आरोपिगण ने भगवत के घर में घुसकर प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से सिर, हाथ, पैर तथा शरीर के अन्य भागों में गम्भीर चोटें पहुचाईं। घटना की रिपोर्ट थाना स्टेशन गंज में दर्ज हुई तब अभियुक्तगण पर अपराध क्रमांक 1005/22 दर्ज हुआ। अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक श्रीमति सरिता नामदेव ने 13 अभियोजन साक्षियों का परीक्षण कराया और तर्क प्रस्तुत किए। प्रकरण में आई साक्ष्य और अपर लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने उक्त दंडादेश पारित किया।

## समय सीमा की बैठक सम्पन्न



**नरसिंहपुर ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने बैठक की शुरूआत में सभी अधिकारियों को निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभी मतदान का कार्य सम्पन्न हुआ है। काउंटिंग का कार्य शेष है। मतगणना का कार्य भी इसी तत्परता से एवं बेहतर तरीके से संपन्न करना है। आदर्श आचार संहिता 6 जून तक प्रभावी है। बैठक में उन्होंने कहा कि वर्षा के पूर्व की तैयारियाँ सभी नगरीय निकायों के सीएमओ व जनपदों के सीईओ अपने- अपने क्षेत्र में कर ले। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार,अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह,सहायक कलेक्टर शुभम कुमार यादव सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**नरसिंहपुर ।** गत दिवस मुंगवानी थाना अंतर्गत मुड़िया के पास एक अज्ञात महिला हाईवे पर एक्सीडेंट होकर मृत अवस्था में पड़ी होने की खबर मिलने पर उसे 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया वही शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया हैं। वही शव की शिनाख्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## नर्मदा नदी में नहाते समय डूबा बालक, हालत गंभीर



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस थाना क्षेत्र गोटेगांव अंतर्गत झांसीघाट में नहाते समय एक बच्चा अचानक डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में बालक को नदी से बाहर निकाला और सीधे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बच्चे को जबलपुर रेफर कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरज कहार नामक बालक स्नान करने नर्मदा नदी के झाँसीघाट गया हुआ था। वही नहाते वक्त वह डूब गया। बालक को डूबता देखकर आस-पास स्नान कर रहे लोगों ने नदी से उसे बाहर निकाला। इसके बाद 108 एम्बुलेंस को सूचना दी गई सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके ओर पहुंची जहां उसे गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया हैं, जहां बच्चे का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। वही डाक्टर उसे बचाने का प्रयास कर रहे है।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**नरसिंहपुर ।** गत दिवस उमरिया ग्राम संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। उक्त मौके पर मुख्य अतिथि अमितेंद्र नारोलिया संभागीय अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, लक्ष्मीकांत धाकड़ डायरेक्टर आईपीएस एकेडमी, विवेक कुमार लोधी संचालक इंडियन पब्लिक स्कूल, श्रीमती मनीषा लोधी प्राचार्य इंडियन पब्लिक स्कूल , अभिभावक शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय के कुल 102 विद्यार्थियों में से 98 विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमे से 43 विद्यार्थी 85 प्रतिशत तथा 38 विद्यार्थी 75 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुये । प्रवीण्यता सूची में शामिल सभी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षका मंजूलता दुबे, मार्कशीट वितरण कार्य शिक्षिका निधि विश्वकर्मा, अर्चना मेहरा, साज सज्जा शिक्षिका रागिनी कुशवाहा, मंच और साउंड व्यवस्था निधि तिवारी और वर्षा लोधी ने की।

## मसूर चना बटरी से मार खाये किसान को है अब मूंग से आस





**तेंदूखेड़ा-** रवी मौसम की मसूर बटरी चना की फसल मौसम की प्रतिकूलता के चलते बूरी तरह से प्रभावित हुई थी जिसकी स्थिति यह बनी थी कि किसानों की लागत तक नहीं निकल सकी थी। जिसमें किसान जहां कर्जदार बन गया वहीं अन्य गतिविधियां भी उसकी नहीं हो सकी थी। जिसे वह पूर्व से सिंजो कर बैठा था। अब जैसे तैसे इन फसलों के कटने के बाद मूंग फसल से एक उम्मीद जागी हुई है। यहां भी मौसम की प्रतिकूलता होने मौसम का बनना बिगड़ना कभी ठंडक तो कभी गर्माहट के चलते मूंग फसल मे भी सफेद मक्खी हरा मच्छर और इल्ली का प्रकोप देखा जा रहा है। किसान विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों का उपयोग करके उन्हें बचाने मे लगा हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम महरवान बना रहा तो इस मूंग उपज से मसूर बटरी चना जैसी उपजों मे जो घाटा खाया है उससे कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। फिल्हाल औसतन तेंदूखेड़ा के अधिकांश क्षेत्रों मे उपज अच्छी स्थिति मे बताई जा रही है।

## उत्कृष्ट रहे शासकीय स्कूलों के परीक्षा परिणाम

**तेंदूखेड़ा-** विगत दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किये हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा के परिणामों मे इस बार तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त शास. स्कूलों का परीक्षा परिणाम एक सम्मान जनक स्थिति मे रहा है। तेंदूखेड़ा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम ही उठाकर देखा जाये तो यहां की एक छात्रा ने जिले की टॉप टेन सूचि मे तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा परिणाम 94.6 प्रतिशत रहा है। इसमें कु. प्रिया उपाध्याय ने जिले मे तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम 80 प्रतिशत रहा है। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा मे हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत रहा है। तथा हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम भी 60 प्रतिशत रहा। जिसमें कला संकाय का 60 प्रतिशत जीवविज्ञान का 63 तथा गणित विषय का 100 प्रतिशत रहा है। शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी राजमार्ग मे हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा परिणाम 87.75 प्रतिशत रहा है। जिसमें कुल 49 छात्रों मे से 43 उत्तीर्ण 32 प्रथम 11 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुये है। इसी तरह हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम 90.81 प्रतिशत रहा है। जिसमें कला संकाय का 87.69 गणित संकाय का 100 प्रतिशत तथा जीवविज्ञान का 95 प्रतिशत रहा। शास. उच्च. माध्यमिक विद्यालय इमझिरा मे हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा है। जिसमें कुल 51 छात्रों मे से 34 प्रथम 17 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुये है। इसी तरह हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम कला संकाय एवं विज्ञान संकाय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय बिल्थारी मे हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा परिणाम 73 प्रतिशत रहा है। इसी तरह हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम 84 प्रतिशत रहा है। मर्रावन हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 67 प्रतिशत रहा। मदनपुर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत रहा। यहां 34 नियमित छात्रों मे 16 प्रथम तथा 15 द्वितीय रहे। शास. हाई स्कूल भामा का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है। यहां 53 छात्रों मे 43 प्रथम 9 द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुये। शास. हाईस्कूल टेकापार का परीक्षा परिणाम भी 95.65 प्रतिशत रहा। कुल 23 छात्रों मे 11 प्रथम 11 द्वितीय रहे। सर्रा हाई स्कूल का परिणाम 85 प्रतिशत रहा है। यहां 9 प्रथम 9 द्वितीय छात्र उत्तीर्ण हुये है। उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा मे हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा का परीक्षा परिणाम 90.4 प्रतिशत रहा है। तथा हायर सेकेंड्री प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम 94.7 प्रतिशत रहा है। विल्गुवां हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा है।

